न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02.05.2024	नामान्तरकरण अपील मुकदमा संख्या 48/2019 विजयसिंह व अन्य बनाम अर्जुन व अन्य अधिवक्ता अपीलान्ट्स उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार बसवा का मूल रिकॉर्ड जिला अभिलेखागार कलेक्ट्रेट दौसा से प्राप्त होकर संलग्न पत्रावली है। पत्रावली में दिनांक 13.07.2023 की आदेशिका में रेस्पोडेन्ट्स की पुनः तलवी हेतु रजिस्टर्ड तलवाने पेश करने हेतु आदेशित किया गया है, किन्तु आज दिनांक तक रजिस्टर्ड तलवाने पेश नहीं किये गये है, जिससे यह प्रतीत होता है कि रजिस्टर्ड तलवाने पेश नहीं कर प्रकरण को अनावश्यक रूप से लम्बित करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः नामान्तरकरण संख्या 78 दिनांक 17.01.2007 ग्राम नागवास तहसील बसवा जिला दौसा के विरूद्ध अपीलान्ट्स विजयसिंह पुत्र मेवाराम, कैलाशी पत्नि मेवाराम, हाकिमसिंह पुत्र मेवाराम जाति गुर्जर निवासी नागवास तहसील बसवा जिला दौसा द्वारा प्रस्तुत अपील अन्तर्गत आदेश 9 नियम 5 सीपीसी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का मूल अभिलेख जिला अभिलेखागार को भिजवाया जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 02.05.2024 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (सुमित्रा पारीक) अति. जिला कलक्टर,दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified
Digitally signed by Sumitra Pareek
Date: 2024.05.23 18:19:44 IST
Reason: SelfAttested